हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 6 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 18.3 डिग्री
न्यूनतम 3.0 डिग्री

12 ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के तहत ....



12 प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से ग्रामीणों ...



## खबर संक्षेप

### कुवि के पांच विद्यार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**यमुनानगर**।कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 5 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग से सुनील, इतिहास विभाग से रवि, ओजेश कुमार, आशुतोष सिंह व अली खान शामिल है।

### महिला की मौत पर पति समेत चार पर केस

**यमुनानगर**। जगाधरी के जड़ौदा गेट निवासी 40 वर्षीय ऋतु जैन की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने मायके पक्ष की शिकायत पर उसके पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर ऋतु जैन की हत्या करने के बाद सबूत मिटाने का भी आरोप है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। मॉडल टाउन करनाल निवासी आयुष जैन ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन 40 वर्षीय ऋतु जैन की शादी करीब 18 वर्ष पहले जड़ौदा गेट जगाधरी निवासी करण गोयल के साथ हुई थी।

### महिला से छेड़छाड़ पर व्यक्ति पर केस दर्ज

**यमुनानगर**। रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने महिला को रास्ते में रोक कर उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही विक्रम सिंह उस पर गलत नजर रखे हुए था।

### अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त में आरोपी काबू

**करनाल**। जिला पुलिस करनाल ने अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम द्वारा एक मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल टीम इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी जावेद उर्फ राणा पुत्र अयूब, निवासी ख्वाजपुर, थाना झिंझाना, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) को काबू किया। आरोपी के कब्जे से 32 बोर का एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद किया गया।

### नहर में डूबे पानीपत के व्यापारी का शव बरामद

**यमुनानगर**। बूड़िया थाना क्षेत्र के गांव कश्मीरगढ़ के पास पश्चिमी यमुना नहर में एक जनवरी को डूबे पानीपत के व्यापारी 52 वर्षीय देवेंद्र का शव सोमवार को बूड़िया पुल के पास पश्चिमी यमुना नहर से बरामद हुआ। पुलिस ने मृतक के परिजनों को मौके पर बुलाकर उसकी शिनाख्त करवाई। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### अंबाला: वारंट ऑफिसर से 13.56 लाख की ठगी

**अंबाला**। भारतीय वायुसेना में तैनात वारंट ऑफिसर से साइबर ठगों ने आजीवन कारावास का भय दिखाकर ठगी की। साइबर क्राइम थाना ऑफ इंडिया व (यूआइडीएआइ) व मुंबई पुलिस का अधिकारी बनकर 13.56 लाख रुपये की ठगी की गई। बिहार के किरकिरी गांव के हरेंद्र सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरेंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान में वह एयरफोर्स स्टेशन अंबाला छावनी में वारंट ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। 27 दिसंबर को एक काल आई। काल खुद को यूआइडीएआइ विभाग से आकाश मेनन बताया था।

## चेयरमैन श्रवण कुमार ने गोशालाओं के प्रतिनिधियों और विभागों के अधिकारियों की ली बैठक

# हरियाणा गो सेवा आयोग जल्द ही गोशालाओं को देगा ई-रिक्शा

**बजट 2 करोड़ से बढ़ाकर 595 करोड़ कर दिया गया**

- कुरुक्षेत्र में तीन माह पहले करीब एक करोड़ 26 लाख रुपये की राशि जारी की गई है और इससे दोगुनी राशि जल्द ही गोशालाओं को भेज दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा गोसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि जल्द ही हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य होगा, जहां एक भी बेसहारा पशु वंश सड़कों पर नही दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की सभी गोशालाओं में बेसहारा पशु व गोवंश को समायोजित किया जा रहा है। आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में गोशालाओं के प्रतिनिधियों और संबधित विभागो की बैठक को संबोधित कर रहे थे। चेयरमैन ने कहा कि जल्द ही गोशालाओं को ई-रिक्शा दी जाएगी। चेयरमैन का बैठक में पहुंचने पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए चेयरमैन ने कहा कि जब प्रदेश सरकार सत्ता में आई थी, तो बजट करीब 2 करोड़ था जो अब बढ़कर 595 करोड़ हो गया है।




कुरुक्षेत्र। गोशालाओं के प्रतिनिधियों और विभागों के अधिकारियों को संबोधित करते हरियाणा गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग। फोटो: हरिभूमि

### गोशालाओं को मनरेगा के साथ जोड़ा

हरियाणा गोसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने कहा गोशालाओं को मनरेगा के साथ जोड़ा गया है तथा गोशालाओं को जमीन देने का भी प्रावधान किया गया है। कुरुक्षेत्र जिलें में करीब तीन माह पहले करीब एक करोड़ 26 लाख रुपये की राशि जारी की गई है और इससे दोगुणी राशि जल्द ही गोशालाओं को भेज दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गउशालाओं को कोई रजिस्ट्री खर्च नही देना होता है और दो रुपये बिजली दर से बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है।

### ताल-मेल के साथ कार्य करें।

चैयरमैन ने कहा कि हरियाणा गो सेवा आयोग द्वारा जल्द ही गोशालाओं को ई-रिक्शा दी जाएगी। जिन गोशालाओं में शेड कार्य के लिए 5 लाख रुपए भेजे गए थे, उन्हें काम चेक करने के बाद 5 लाख रुपये ओर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गोशालाओं में सोलर पैनल लगाए जा रहे है, इन सोलर पैनलों पर 10 प्रतिशत गोसेवा आयोग द्वारा और 80 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी गोशाला के प्रतिनिधि अधिकारियों के साथ ताल-मेल के साथ कार्य करें।

### कुरुक्षेत्र में 23 पंजीकृत गोशालाओं में 8600 पशु

**31 दिसंबर तक 206 पशुओं को गोशालाओं में समायोजित किया गया**

कुरुक्षेत्र उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि जिले में 23 पंजीकृत गउशालाएं है, इन गउशालाओं में 8600 पशु है, जिनकी सभी की टैगिंग की गई है। उन्होंने बताया कि 1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक बेसहारा गउ वंश पुर्नवास अभियान के तहत 206 पशु गोशालाओं में समायोजित किए गए है। इससे पहले 1 अगस्त से 31 अगस्त तक के अभियान में 684 पशु गोशालाओं में समायोजित किए गए है। उपायुक्त ने बताया कि अगर किसी गोशाला संचालक को या प्रतिनिधि को कोई समस्या आ रही हो तो वे सोमवार व गुरुवार को समाधान शिविर में आकर लिखित रूप में अपनी समस्या को बता सकता है। इस मौके पर डीएमसी अमन कुमार, पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. अनिल बनवाला, एसडीओ डा. जसबीर सिंह, एसडीओ डा. विकास शर्मा सहित गोशालाओं के प्रतिनिधि व संबधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## वारदात से हड़कंप, पुलिस ने साक्ष्य जुटाए

# पानीपत में युवक की ईंट से मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 25 स्थित कृष्णा गार्डन की गली नंबर तीन में किराये के कमरे नंबर 209 में निवास कर रहे 32 वर्षीय अनीश गुप्ता मूल निवासी देवरिया, उत्तर प्रदेश की अज्ञात लोगों ने सिर में सीमेंट से बनी ईंट मारकर हत्या कर दी। अनीस के कमरे के उपर बने भवन में निवास कर रहे परिवार के बच्चे का जन्मदिन था और यहां पर पार्टी चल रही थी। सवा आठ बजे के करीब नौ बजे अनीश भी अपने एक साथी के साथ पार्टी में गया था। इसके बाद अनीश अपने साथी के साथ पार्टी से चला गया था। वहीं अनीश के साथ जो व्यक्ति आया था उसे यहां पर निवास करने वाले लोग जानते नहीं है। इधर, सोमवार की सुबह जब अनीश अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो पड़ोसियों ने कमरे का दरबाजा खोला कर देखा। अनीश खून से लथपथ पड़ा। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। वहीं, थाना चांदनी बाग पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इधर, जांच में पता चला कि अनीश की मौत हो चुकी है।

# मजाक में प्राइवेट पार्ट में हवा भरने से युवक की आंत फटी

**ऑपरेशन के बाद हालत स्थिर**

**करनाल**। गांव इंद्राड़ी निवासी एक व्यक्ति ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा मार्बल एजेंसी में काम करता है। उसी में अन्य युवक भी कार्यरत है। काम के दौरान मजाक-मजाक में साथी युवक ने कंप्रेसर की पाइप से उसके बेटे के प्राइवेट पार्ट में हवा भर दी। हवा भरते ही युवक की तबीयत बिगड़ने लगी और उसे तेज दर्द शुरू हो गया। हालत गंभीर होने पर परिजन पहले उसे गांव के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने उसे करनाल रेफर कर दिया। इसके बाद युवक को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि पीछे से हवा भरने के कारण युवक की आंत फट गई है। बेटा कई दिन तक अस्पताल में भर्ती रहा, अब हालत स्थिर बताई जा रही है।

# यमुनानगर: सड़क हादसों में दो युवकों समेत तीन की मौत

- पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो युवकों समेत तीन की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पीर कॉलोनी पांसरा निवासी सूरज शाह ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 18 वर्षीय साहब तीन जनवरी को सुबह नौ बजे किसी काम से जा रहा था। जब वह खजूरी मोड पर मित्तल पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे हाइड्रा ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी हाइड्रा चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे अमृत घोषित कर दिया। उधर, गांव रामगढ़ माजरा निवासी 28 वर्षीय विकास अपनी बाइक पर साढ़ौरा दोसड़का रोड से जा रहा था। जब वह बाबा बंदा सिंह बहादुर चौक के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे डंपर ने विकास की बाइक को टक्कर मार दी। कुछ देर बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, गांव धोलरा निवासी रमेश अपनी स्कूटी पर सवार होकर दवाई लेने के लिए जा रहा था। एसके पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो स्पीड ब्रेकर उसे दिखाई नहीं दिए। इस दौरान उसकी स्कूटी से वह उछलकर सड़क पर जा गिरा। इस दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे डंपर ने उसे कुचल दिया।

# खैर तस्करों का वन विभाग की टीम पर हमला, कर्मी घायल

*यमुनानगर के रेडा इब्राहिमपुर में खैर के पेड़ों की चोरी करने की सूचना पर पहुंची थी वन विभाग की टीम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव रेडा इब्राहिमपुर में खैर के पेड़ों की चोरी करने की सूचना पर पहुंचे वन विभाग की टीम पर खैर तस्करों ने जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें एक कर्मचारी घायल हो गया। इस दौरान आरोपी खैर तस्करों ने सरकारी काम में बाधा डाली और हजारों रुपये की खैर की लकड़ी चोरी करके ले गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद वन राजिक अधिकारी मोबीन खान की शिकायत पर चार आरोपी कर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वन राजिक अधिकारी डारपुर रेंज कलेसर के मोबीन खान ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि तीन जनवरी को रात साढ़े 10 बजे उसे सूचना मिली थी कि कुछ खैर तस्कर गांव रेडा इब्राहिमपुर से खैर के पेड़ों को काटकर चोरी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही वह अपने साथी



रसीद के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान वहां मौजूद खैर तस्करों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में रसीद गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान आरोपियों ने सरकारी काम में बाधा डाली और वहां से करीब 15 हजार रुपए की खैर की लकड़ी चोरी करके ले गए। जांच करने पर आरोपी खैर तस्करों की पहचान तासीम, मतलूब, अकरम व इलियाकत के रूप में हुई। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपी खैर तस्करों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पुलिस और बदमाशों में रविवार देर रात मुठभेड़

# पानीपत इनेलो जिला अध्यक्ष के भाई के हत्यारोपी का एनकाउंटर

- हिस्ट्रीशीटर के पैर में गोली लगी, दूसरा आरोपी धुंध में फरार हुआ, तीसरा आरोपी जसवंत को रिमांड पर लिया
- राठी हत्याकांड से जुडे हर आरोपी को पकड़ेगी पुलिस
- एसपी से मिले इनेलो नेता न्याय की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के इनेलो अध्यक्ष कुलदीप राठी के भाई व पानीपत सिविल अस्पताल में नियुक्त नेत्र विंग के अधिकारी जयदीप राठी की हत्या के मामले में फरार आरोपी जसवंत उर्फ जस्सी निवासी यमुनानगर को गिरफ्तार किया। वहीं, जसवंत से मिली जानकारी के बाद पानीपत पुलिस की टीम ने रविवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे रिफाइनरी रोड पर नहर के पास छिपे गुरदर्शन निवासी अंबाला व जलदीप उर्फ भोला निवासी मुखीजा कालोनी, पानीपत को घेर लिया। पुलिस टीम ने दोनों को सरेंडर करने को कहा, दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की। फायरिंग में गुरदर्शन पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया। जबकि जलदीप अंधेरे व कोहरे का फायदा उठा कर फरार हो गया। इधर, गुरदर्शन को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं, इनेलो के नेताओं ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।



पानीपत। मुठभेड़ में घायल हिस्ट्रीशीटर को उपचार के लिए सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे पुलिस टीम। फोटो: हरिभूमि

### मधुबन पुलिस अकादमी में लोक अभियोजकों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**करनाल**। हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के डॉ. एस. राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में लोक अभियोजक अधिकारियों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 से 16 जनवरी 2026 तक चलेगा, जिसमें 2 उप निदेशक अभियोजन सहित कुल 19 लोक अभियोजक अधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से किया गया। कोर्स संयोजक बलजिंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अकादमी की ओर से सुरेंद्र कुमार उप जिला न्यायवादी ने मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. दीपा सिंह को स्मृति स्वरूप पौधा भेंट किया। अपने संबोधन में डॉ. दीपा सिंह ने नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नए कानून "नागरिक पहले, न्याय पहले" की भावना पर आधारित हैं और इनमें महिलाओं व बच्चों के अधिकारों को विशेष महत्व दिया गया है।

## मौसम: बादल और घने कोहरे के कारण सूर्य देव के नहीं हो रहे थे दर्शन

# पांच दिन बाद पहली बार खिली धूप, लोगों को मिली ठंड से राहत, तापमान में भी वृद्धि दर्ज

*ट्विन सिटी के पार्कों में बच्चों की खिलखिलाहट गूंज उठी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले करीब एक सप्ताह से जिले में पड़ रहे घने कोहरे, आसमान में छा रहे धुंध के बादल और चल रही शीतलहर से सोमवार को धूप खिलने से लोगों को राहत मिली है। सोमवार को सुबह से शाम तक जिले में अच्छी धूप खिली रही और बच्चों ने जहां पार्कों में और खाली पड़े स्थानों पर खेलकर धूप का आनंद लिया।

वहीं, कुछ लोगों ने खेत खलियान व खाली पड़े स्थानों पर बैठकर ताश की बाजी लगाकर धूप का आनंद लिया। वहीं, सोमवार को धूप खिलने से तापमान में मामुली बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोमवार सुबह लोग जैसे ही नींद से जागे तो आसमान साफ था और कहीं पर भी कोहरा दिखाई नहीं दिया। कुछ देर के बाद सूर्य देव के दर्शन हुए और लोगों ने खुशी मनाई। इसके बाद जैसे जैसे दिन चढ़ता गया तो अच्छी धूप ने मौसम में गर्माहट भर दी। जिसके बाद ट्विन सिटी के पार्कों में बच्चों की खिलखिलाहट गूंज उठी। इस दौरान बच्चों ने पार्कों में खेलकर धूप का खूब आनंद लिया। खासकर शहर के ओपी जिंदल पार्क, मॉडल टाउन के न्यू पार्क, शास्त्री पार्क व नेहरू पार्क आदि में पहुंचकर बच्चों ने धूप का आनंद लिया और खेल का लूत्फ उठाया। वहीं, कुछ लोगों ने अपने घरों के आसपास खाली पड़े स्थानों में बैठकर ताश आदि खेलकर धूप का आनंद लिया।



यमुनानगर। धूप खिलने के बाद पार्कों में खेलते हुए बच्चे व खाली पड़े स्थान पर बैठकर ताश की बाजी लगाकर धूप का आनंद लेते हुए लोग। फोटो: हरिभूमि

### अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

मॉडल टाउन के अमित सैनी, गुरदीप सिंह, विशाल, कमल मलिक आदि ने बताया कि नया साल 2026 में सोमवार को पांचवे दिन सूर्य देव के दर्शन हुए हैं। इससे पहले चार दिन तक आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर के साथ घना कोहरा पड़ने के कारण मौसम में कंपकंपाती ठंड बढ़ रही। लोगों के कामधंधे प्रभावित हो गए थे। सोमवार को जिला का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, एक दिन पहले जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस था।

## खबर संक्षेप



### संस्कार मनुष्य जीवन की अनमोल धरोहर : मिश्र

**कुरुक्षेत्र।** विचार एवं संस्कार एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। विचार मनुष्य के जीवन का अनमोल उपहार है जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देती है और संस्कार जीवन का सार है जिसके माध्यम से मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण और विकास होता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन एवं राष्ट्र प्रेम मंच के संयुक्त तत्वावधान में हमारे विचारों एवं संस्कारों का राष्ट्र के विकास में योगदान विषय पर आयोजित संगोष्ठी एवं वैचारिक संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए।

### वेनेजुएला पर की गई कार्रवाई की निंदा की

**कुरुक्षेत्र।** वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य आक्रमण, संप्रभु देश वेनजुएला के निर्वाचित राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को जबरन अपहरण करके उठा ले जाना अमेरिकी राष्ट्रपति और अमेरिकी सेना की आतंकी कार्रवाई है जिसकी जन संघर्ष मंच हरियाणा कड़े से कड़े रुप में निंदा करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति व सेना का यह कुकृत्य तमाम अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मयार्दाओं का उल्लंघन है और एक बहुत घृणित अपराधिक कार्रवाई है।

### केयू में स्थापना दिवस पर विशेष प्रदर्शनी 9 को

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 69वें स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। गत वर्ष विश्वविद्यालय की शिक्षा, संस्कृति, शोध एवं खेल सहित अन्य गतिविधियों की उपलब्धियों को दर्शाने के साथ-साथ विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक शिक्षा ग्रहण करने वाले विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले गणमान्य लोगों को प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया जाएगा।

### नाभिकमल मंदिर में संकीर्तन का आयोजन

**थानेसर।** सामाजिक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह,कुरूक्षेत्र के धार्मिक एवं अध्यात्म ग्रुप भक्ति सागर के तत्वाधान में ठाकुरद्वारा प्राचीन श्री नाभिकमल मंदिर में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए प्रचार प्रसार प्रमुख श्याम जुनेजा ने बताया कि नववर्ष के उपलक्ष्य में समूह द्वारा सभी लोगों के कल्याण हेतु यह वर्ष का पहला और अब तक का 158वां कार्यक्रम रहा जिसमें बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी शामिल हुए। संकीर्तन का शुभारंभ समाजसेवी कृष्ण लाल मेहता ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित करके किया।

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन

# मानव जीवन को सही दिशा देने में भागवत कथा का विशेष योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

द्वारकाधीश नगरी में गोयल परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य, श्रद्धापूर्ण एवं अनुकरणीय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उद्योगपति विनोद गोयल ने कहा कि धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान करना ही नहीं होता, बल्कि समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना भी होता है। कथा व्यास आचार्य रजनीश महाराज ने श्रीमद् भागवत के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए धर्म, कर्म और भक्ति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव जीवन को सही दिशा देने में श्रीमद् भागवत कथा का विशेष योगदान है।

## द्वारकाधीश धाम में धर्म, भक्ति और सेवा की मिसाल बना तरावड़ी गैलेक्सी परिवार का आयोजन

इस कथा में शंकराचार्य, देवी सुदीक्षा जी व अन्य महान संतों के प्रवचनों को सुनने का श्रद्धालुओं मौका मिला। इस पावन धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त किया।

बता दें कि गैलेक्सी गोयल परिवार लंबे समय से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों से जुड़ा हुआ है। इससे पूर्व गोयल परिवार द्वारा बद्रीनाथ धाम एवं वृंदावन में भी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा चुका है।



तरावड़ी। कथा में उपस्थित यजमान गोयल परिवार के सदस्य।

♦ *इसके अतिरिक्त मां बाला सुंदरी शक्तिपीठ त्रिलोकपुर में नवरात्रों के उपलक्ष में समय-समय पर विशाल भंडारों का आयोजन भी निरंतर किया जाता रहा है*

♦ *उन्होंने यह भी घोषणा की कि आगामी वर्ष श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रामेश्वरम धाम में करवाया जाएगा, जिससे देशभर के श्रद्धालु इस पावन आयोजन का लाभ प्राप्त कर सकें।*

### विशाल भंडारे का आयोजन

कथा के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने सहभागिता की। श्रद्धालुओं ने गोयल परिवार के इस धार्मिक एवं सामाजिक प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा व आभार प्रकट करते हुए कहा कि गैलेक्सी परिवार ने द्वारकाधीश नगरी में कथा का आयोजन करवा कर तरावड़ी के लोगों को द्वारकाधीश के दर्शन करवा दिए। तरावड़ी शहर से लगभग 8 सौ लोगों ने वहां की कथा में भाग लिया। इसके इलावा सहारनपुर, करनाल, घरौडा, लाडवा, उचाना सहित पंजाब, हरियाणा के श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण करके पुण्य के भागी बनें है।

हरियाणा गोसेवा आयोग की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में समीक्षा बैठक

# गो अभ्यारण्य स्थापना की तैयारी, 50 से 250 एकड़ भूमि तलाशने के दिए निर्देश

सभी गोशालाओं में देशी गोवंश के नस्ल सुधार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग की अध्यक्षता में सोमवार को जिला लघु सचिवालय के सभागार में जिले की सभी गौशालाओं की व्यवस्था और बेसहारा गोवंश पुनर्वास अभियान को लेकर जिला अधिकारियों व गौशाला संचालकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला करनाल में गौ अभ्यारण्य स्थापित करने के लिए संयुक्त रूप से विचार-विमर्श किया गया और इसके लिए 50 से 250 एकड़ भूमि तलाशने के निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम करनाल प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि हरियाणा सरकार सभी गौशालाओं की बेहतरीन व्यवस्था और बेसहारा गौवंश के पुनर्वास को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। गौशालाओं को पशु-चारा और शैड निर्माण के लिए अनुदान राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी बेसहारा गौवंश सड़कों पर न घूमे, बल्कि उन्हें क्षमता के अनुसार नजदीकी गौशालाओं में रखा जाए। उन्होंने गौशालाओं में मौजूद गौवंश की संख्या और प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन की जानकारी प्राप्त की तथा सभी गौशालाओं में देशी गौवंश के नस्ल सुधार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सभी पंजीकृत गौशालाओं में 90 प्रतिशत सब्सिडी पर सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं और 2 रुपये प्रति यूनिट बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके साथ ही गौशालाओं की रजिस्ट्री फीस, सीएलयू और प्रॉपर्टी टैक्स शून्य किया गया है।




करनाल। जिला लघु सचिवालय में गोशालाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित करते गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग।

### बिजली कनेक्शन और सोलर प्लांट के लिए आवेदन करने के दिए निर्देश

उन्होंने बताया कि जिन गोशालाओं में एक हजार से अधिक तथा एक हजार से कम गोवंश मौजूद हैं, उन्हें एक-एक ई-रिक्शा शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा। गोशाला प्रबंधकों को बिजली कनेक्शन और सोलर प्लांट के लिए एसडीएम करनाल व डीडीपीओ कार्यालय में आवेदन करने के निर्देश दिए गए।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में एसडीएम प्रदीप कुमार, नीलोखेड़ी बीडीपीओ कुलबीर खर्ब, पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. संजय अंतिल, पशु चिकित्सक तरसेम राणा, स्वामी सम्पूर्ण आनंद, नगर निगम के अधिकारी तथा विभिन्न गांवों से आए गौशाला संचालक उपस्थित रहे।



करनाल। नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनतीं महापौर रेनू बाला गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

# नगर निगम कार्यालय में महापौर रेनू बाला गुप्ता ने की जन सुनवाई

■ नगर निगम आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित जन सुनवाई

**करनाल।** महापौर रेनू बाला गुप्ता ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही समाधान कराया। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत के समाधान में तत्परता बरती जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। महापौर ने कहा कि नगर निगम कार्यालय में पारदर्शिता बनाए रखना और सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, ताकि अंत्योदय की भावना को साकार किया जा सके। जन सुनवाई के दौरान उन्होंने एक-एक कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को बुलाकर समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी शिकायतें लिखित रूप में तथा मोबाइल नंबर के साथ लेकर आएं, ताकि समाधान के बाद फीडबैक लिया जा सके। महापौर ने निगम इंजीनियरों को सड़कों के गड्ढे भरने, सीवरेज जाम, बरसाती पानी की पाइप लाइन, जलापूर्ति और स्ट्रीट लाइट से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही शहरवासियों से स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि कूड़ा-कचरा संबंधी शिकायतें स्वच्छता एप और ई-समाधान पोर्टल पर दर्ज करवाई जा सकती हैं। सीवरेज और जलापूर्ति से संबंधित शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 14420 तथा स्ट्रीट लाइट खराब होने पर 0184-2200600 पर शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।

# कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के आईपीडी ब्लॉक में कुर्सी पर बैठे-बैठे व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

## नंगे पैर और ठंडे फर्श पर बैठने से ठंड लगने की आशंका, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

करनाल जिले के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के आईपीडी ब्लॉक में एक व्यक्ति की कुर्सी पर बैठे-बैठे मौत हो गई। व्यक्ति नंगे पैर था और फर्श भी काफी ठंडा था, जिस कारण प्रारंभिक तौर पर ठंड लगने से मौत की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस भिजवाया और परिजनों को सूचना दी। आईपीडी ब्लॉक में कुर्सी पर बैठे मिले शव की पहचान बोधनी गांव निवासी 45 वर्षीय सुरती राम के रूप में हुई है। सोमवार सुबह मेडिकल कॉलेज के आईपीडी ब्लॉक में एक व्यक्ति कुर्सी पर अचेत अवस्था में बैठा मिला। अस्पताल स्टाफ की नजर पड़ते ही तुरंत इसकी सूचना दी गई। मौके पर डायल-112 को भी बुलाया गया। जांच के दौरान पाया गया कि मृतक ने कुर्ता-पजामा पहन रखा था और उसके पैरों में कोई चप्पल या जूते नहीं थे।

पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी ली, जिसमें उसकी जेब से आधार कार्ड और कुछ नकदी बरामद हुई। आधार कार्ड के आधार पर गांव बोधनी में संपर्क किया गया, जहां से मृतक की पहचान की पुष्टि हुई।

### जांच में जुटी पुलिस

सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि मृतक के साले से भी संपर्क किया गया। साले ने जानकारी दी कि सुरती राम मूल रूप से ज्योतिसर का रहने वाला था, लेकिन शादी के बाद वह बोधनी गांव में ही रह रहा था। पुलिस के अनुसार मृतक नंगे पैर था और फर्श काफी ठंडा था, प्रारंभिक तौर पर ठंड के कारण मौत की आशंका जताई जा रही है। मौत के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

# अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं के बच्चो के सम्मान में विदाई समारोह

■ मुख्य अतिथि प्रिंसिपल रजनी शर्मा ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

अपोलो इंटरनेशनल स्कूल दादूपुर खुर्द में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया । समारोह का माहौल उत्साह, उल्लास और भावुक क्षणों से भरा रहा । विद्यालय की प्रिंसिपल इंचार्ज ममता छेत्री कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डायरेक्टर प्रिंसिपल मैडम रजनी शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अपने वरिष्ठ साथियों का अभिनंदन किया। 11वीं के छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग नृत्य एवं गीतों ने पूरे सभागार को तालियों की गूंज से भर दिया। आकर्षण का मुख्य केंद्र बिंदु मेमोरी वीडियो रहा, जिसमें कक्षा 12वीं के छात्रों के विद्यालय में प्रवेश से लेकर अब तक के यादगार पलों को सुंदर ढंग से संकलित किया गया था । वीडियो ने विद्यार्थियों शिक्षकों को भावुक कर दिया तथा कई पुरानी यादें ताजा हो गई। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य व डायरेक्टर मैडम रजनी शर्मा ने अपने प्रेरणादाई संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन की नई चुनौतियों का सामना करने का संदेश दिया तथा प्रधानाचार्या मैडम ममता छेत्री जी ने भी बच्चों को ईमानदारी अनुशासन और कड़ी मेहनत के साथ जीवन की नई चुनौतियों का सामना करने का संदेश दिया । शिक्षा केवल परीक्षा पास करने तक ही तथा सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दें सीमित नहीं बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने का माध्यम भी है। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद रहे।



तरावड़ी। कार्यक्रम में भाग लेतीं स्कूल की मैडम, स्टाफ व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई, एक आरोपी को किया गिरफ्तार, दो वाहन बरामद



■ एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ करनाल पुलिस की कार्रवाई

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर दो चोरीशुदा वाहन बरामद किए हैं। एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ इंचार्ज निरीक्षक इंद्र सिंह के नेतृत्व में तथा सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार की अध्यक्षता में गठित टीम ने एनडीआरआई रोड से आरोपी पंकज उर्फ साहिल पुत्र नरेश कुमार, निवासी गांव तखाना, करनाल को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक एक्टिवा स्कूटी और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने एक एक्टिवा शक्तिपुरम, बसंत विहार क्षेत्र से तथा एक मोटरसाइकिल सेक्टर-9, करनाल से चोरी की थी। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# अल्फा इंटरनेशनल सिटी में मूलभूत सुविधाओं की बदहाली के खिलाफ सैकड़ों निवासियों का प्रदर्शन

■ अल्फा इंटरनेशनल सिटी रेज़िडेंट्स एसोसिएशन, अल्फा इंटरनेशनल सिटी, करनाल द्वारा कॉलोनी की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अल्फा इंटरनेशनल सिटी, करनाल में लंबे समय से चली आ रही मूलभूत सुविधाओं की गंभीर समस्याओं से परेशान सैकड़ों निवासियों ने सोमवार को अल्फा इंटरनेशनल सिटी रेज़िडेंट्स एसोसिएशन के नेतृत्व में कॉलोनी परिसर में शांतिपूर्ण आंदोलन किया।

निवासियों ने प्रशासनिक उदासीनता और वर्षों से दर्ज कराई जा रही शिकायतों के बावजूद समाधान न होने पर गहरा रोष व्यक्त किया। रेज़िडेंट्स एसोसिएशन ने बताया कि कॉलोनी से जुड़ी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री विंडो, हरियाणा पर अब तक कुल 251 शिकायतें दर्ज करवाई जा चुकी हैं, लेकिन आज तक किसी भी शिकायत का स्थायी और ज़मीनी समाधान नहीं किया गया। अधिकांश शिकायतों में केवल औपचारिक कार्रवाई दिखाकर उन्हें बंद कर दिया गया। कॉलोनी में टूटी सड़कों, गड्ढों, विफल सीवरेज व ड्रेनेज सिस्टम, बरसात में जलभराव, स्वच्छ पेयजल की कमी, खराब स्ट्रीट लाइटें, अधूरे पार्क और आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक के कारण आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। रेज़िडेंट्स एसोसिएशन ने बताया कि समस्याओं को लेकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग, नगर निगम और अन्य प्रशासनिक स्तरों पर बार-बार ज्ञापन दिए गए। स्थानीय विधायक द्वारा दो बार हरियाणा विधानसभा में मामला उठाया गया और विधानसभा अध्यक्ष से भी भेंट की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

निवासियों ने स्पष्ट किया कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और गैर-राजनीतिक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 26 जनवरी 2026 से पहले समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो "ब्लैक रिपब्लिक डे" मनाकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों और प्रशासन की होगी।




करनाल। अल्फा इंटरनेशनल सिटी में सोमवार को समस्याओं के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते निवासी। फोटो : हरिभूमि

निसिंग में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कार्यक्रम का समापन सत्र

# कोरा किताबी ज्ञान नहीं, व्यक्तित्व निर्माण से ही मिलती है सफलता : डॉ. वीरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कोरा किताबी ज्ञान सफलता के लिए पर्याप्त नहीं है। युवाओं को अपने व्यक्तित्व को प्रभावशाली, अनुशासित और समाजोपयोगी बनाना होगा, तभी वे जीवन में ऊंचाइयां छू सकते हैं। यह विचार हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने व्यक्त किए। वे राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, निसिंग में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कार्यक्रम के समापन सत्र में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने राजभाषा हिंदी के महत्व के प्रति विद्यार्थियों और शिक्षकों को सचेत करते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार और पहचान का आधार है। हिंदी के माध्यम से ही हम अपनी जड़ों से जुड़े रह सकते हैं, इसलिए शिक्षा व्यवस्था में हिंदी को और अधिक सशक्त किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सेवा, नेतृत्व, संवाद कौशल और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। समाज के प्रति संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखती है। प्राचार्य राजेंद्र सिंह और कार्यक्रम समन्वयक सूबे ने पुष्पमालाओं के साथ डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी व उद्यमी सुशील कुमार सिंगला ने विद्यालय भवन के पुनर्निर्माण और पशु अस्पताल की भूमि विद्यालय को हस्तांतरित किए जाने की मांग रखी। मुख्य अतिथि ने कहा कि पशु अस्पताल को ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थानांतरित किए जाने और विद्यालय भवन के विस्तार की संभावनाओं पर वे विधायक भगवान दास कबीर पंथी एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के साथ विमर्श करेंगे।



### यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में सरपंच नवाब सिंह, एसएमसी प्रधान ऋषि कुमार, जिला समन्वयक सुबा सिंह, एनएसएस प्रभारी शैली नागपाल, कंप्यूटर प्रवक्ता कमलजीत सिंह, अंग्रेजी प्रवक्ता दीपक, मनोवैज्ञानिक प्रवक्ता सुरेंद्र कुमार, वाणिज्य प्रवक्ता रेनू, रसायन विज्ञान प्रवक्ता देवेंद्र सिंह, राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता श्यामलाल सहित अन्य शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : डीसी

**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को आयोजित जनता समाधान शिविर में बड़ी संख्या में 41 फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। वहीं, शिविर में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जनसुनवाई की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इधर, डीसी डॉ दहिया ने अधिकारियों को सख्त शब्दों में चेताते हुए कहा कि जनता समाधान शिविर किसी भी रूप में औपचारिकता नहीं हैं। ये शिविर प्रशासन और जनता के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी हैं। वहीं, किसी भी स्तर पर अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही, उदासीनता या टालमटोल बर्दाश्त नहीं होगा। इधर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई

**पानीपत।** पानीपत जिला यातायात पुलिस धुंध में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में यातायात थाना प्रभारी अनिल की टीम ने रविवार को जीटी रोड़ टोल प्लाजा पर वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना को जागरूक किया। इधर, थानेदार अनिल ने बताया कि कोहरे के मौसम में सड़क हादसों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में यह रिफ्लेक्टिर टेप अंधेरे या कोहरे में भी चमककर वाहन चालकों को सावधान करने का काम करेगी। यह कदम न केवल ट्रैफिक प्रबंधन को सुदृढ़ करेगा बल्कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस प्रयास भी है।

### ड्राइंग प्रतियोगिता में रिदम, रोहन व आयान प्रथम

**पानीपत।** इंपिरियम सिटी में आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में तीन से छह वर्ष के बच्चों के ग्रुप में आयान सचदेवा पहले, दूर्वाश दूसरे, यशिका तीसरे स्थान पर रहे। जबकि सात से बारह वर्ष के आयु वर्ग में रिदम पहले, अवनि दूसरे, इश्मीत तीसरे, 13 से 18 वर्ष के वर्ग में रोहन पहले, आरव दूसरे व एंजेल तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर भावना बंसल, कोमल खुराना, विनोद अहलावत, कमल तुली, हन्नी गाबा, प्रवीन बंसल, प्रवीण अरोड़ा, शिव शर्मा, शिल्पी गाबा, रेनु शर्मा, श्वेता तुली, पूजा बंसल, रविन्द्र बत्रा, आशा बत्रा, सुनील, तनुज जागलान, अमित चोपड़ा, आरएस भाटिया, विनोद अहलावत ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### रिटायर्ड कर्मचारी नेता को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने पूर्व जिला सचिव रहे भलेराम शर्मा की याद में स्मृति एवं संकल्प सभा की। वहीं, संघ के जिला प्रधान शीशपाल मलिक, संघ के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान बलवान सिंह नांदल, सीटू के राज्य सचिव सुनील दत्त, कश्मीर सिंह, डॉ. सुरेंद्र मलिक, अमरीश त्यागी, शिवकुमार अहलावत, जितेंद्र सैनी, प्रमोद शर्मा, ईश्वर शर्मा, सीताराम शर्मा, मंगल सिंह, रामभज शर्मा, ईश्वर सिंह कुहाड, कलीराम शर्मा, रामपाल कुंडू, सुलतान देशवाल, जय भगवान सैनी, प्रीतम रावल, जय भगवान, नवीन सपड़ा राजपाल आदि ने भलेराम शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### छात्रों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव राजाखेड़ी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप के पांचवें दिन प्रधानाचार्या सुमित्रा सांगवान के नेतृत्व में दीपक कुमार एडवोकेट व रवि कुमार ने बच्चों को नशे के विरूद्ध जागरूक किया।
वहीं, बच्चों को नशे के खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### युवाओं ने नशा न करने की ली शपथ

पानीपत। रेडक्रास में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 360 युवाओं को रक्तदान करने वा नशे से दूर रहने की शपथ ली। इस अवसर पर हरमेश चंद, सोनिया शर्मा, कला भारद्वाज, जसमेर सिंह, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में समाज सेवा से जोड़ने के लिए जागरूक किया।

## हाड़ कंपकंपा देने वाली सर्दी में जरूरतमंदों की मदद को आगे आए संगठन

# निफा ने असहाय व जरूरतमंदों को गर्म कपड़े और खाद्य सामग्री बांटी

संस्था ने आट्टा गांव में स्थित तीन ईंट भट्ठों पर निवास कर रहे बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को दिए गर्म वस्त्र



**समालखा।** निफा समालखा संस्था की टीम जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र व खाद्य पदार्थ बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि



**पानीपत।** पानीपत के गांव काकोदा में मजदूरों को कंबल बांटते हुए रंजीता कौशिक आदि। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

निफा समालखा संस्था ने हर वर्ष की तरह इस साल भी जरूरतमंद लोगों को हाड कंपा देने वाली ठंड से बचाव के लिए सहायतार्थ गर्म वस्त्र व खाद्य पदार्थ वितरित किए। निफा समालखा संस्था के प्रधान संदीप शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा आट्टा गांव में स्थित तीन ईंट भट्ठों पर निवास कर रहे बच्चों, महिलाओं व पुरूषों को गर्म सूट, जुराबे, जैकेट, बिस्किट, मूंगफली, समोसे, गाजर का हलवा आदि खाद्य सामग्री बांटी गई। वहीं जरूरत का सामान मिलने पर सभी खुश थे। वहीं, संदीप शर्मा ने कहा कि समर्थ नागरिकों को जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

इधर, इस नेक कार्य में जहां विश्व मानव रूहानी केंद्र से राजेंद्र मनचंदा, सौरभ मित्तल, सुरेश मित्तल, कृष्ण अरोड़ा और अवनिक लाइफसाइंस से डॉ जोगिंदर गाहल्याण का भरपूर सहयोग रहा। वहीं नेकी से भरे इस कार्य को निफा महिला विंग कोऑर्डिनेटर मनिंद्र कौर, निफा के सचिव देवेंद्र पाल सिंह, गर्विता शर्मा, निशा मल्होत्रा, भाग्या शर्मा, पंकज मल्होत्रा, महेश कुमार, अवनी मल्होत्रा, संजय खोखर, अंश मल्होत्रा, दिलजीत सिंह एचएंडडी के प्रबंधक सागर शर्मा ने किया।

### जरूरतमंदों की सेवा को आगे आएं सक्षम लोग : रंजीता

- फैला उजियारा फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव को कंबल भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

समाज की सेवा में जुटे फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा सोमवार को गांव काकोदा में निवास कर रहे प्रवासी श्रमिकों को सर्दी से बचाव के लिए सहायतार्थ कंबल वितरित किए गए।

इधर, फाउंडेशन अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने कंबल वितरा करते हुए कहा कि समाज का हर वर्ग तरक्की करें इसके लिए समर्थ नागरिकों को तन, मन, धन के साथ आगे आना होगा और जरूरतमंद लोगों की हाथ बढा कर मदद करनी होगी। जरूरतमंदों की सहायता करना हर समर्थ नागरिक का कर्तव्य है। दानपुण्य लोगों के भीतर संवेदना, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना को जागृत और बढाता है। उन्होंने कहा कि सर्दी में जरूरतमंद को एक कंबल देना किसी के लिए केवल वस्त्र नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और अपनापन होता है। यदि समाज का हर सक्षम व्यक्ति जरूरतमंद के साथ खड़ा हो जाए, तो गरीबी अभिशाप नहीं बनेगी।



**पानीपत।** चौधरी देवीलाल गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली निकालते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### छात्राओं ने नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल पीजी गर्ल्स कॉलेज, गांव सिवाह में एनएसएस के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एनएसएस की स्वयं सेवी छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से छात्राओं ने नागरिकों को नशीली दवाओं के सेवन के विरूद्ध जागरूक किया। इधर, प्राचार्या डॉ सुमन लता ने नशे की हानिकारक परिणामों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नशे की लत मानव शरीर विनाश कर देती है, इसके मद्देनजर नागरिकों को मादक पदार्थों से दूर रहना चाहिए। इधर, एनएसएस ऑफिसर प्रो. पूनम देवी ने कहा कि स्वयं सेवी छात्राओं को अपने परिजनों, रिश्तेदारों, दोस्तों, पडोसियों, गांवा वालों, शहर वालों, कालोनी निवासियों को नशे के विरूद्ध जागरूक करें।

### लाखू बुआना गांव में शोक

पानीपत। पानीपत के गांव लाखू बुआना निवासी शराब ठेकेदार देवेंद्र का शव पश्चिमी यमुना नहर से बरामद कर लिया गया। वहीं यमुनानगर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद देवेंद्र का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। इधर, गांव में देवेंद्र का अंतिम संस्कार कर दिया। देवेंद्र 31 दिसंबर को यमुनानगर में नहर के पानी में लापता हो गया था। इधर, देवेंद्र की मौत से गांव लाखू बुआना में शोक छाया हुआ है।

### घर से नगदी व जेवर चोरी, दी शिकायत

**पानीपत।** पानीपत की देशराज कॉलोनी में डीआर पब्लिक स्कूल के पास निवास कर रहे सीताराम के घर के ताले तोड कर चोरों ने नगदी, जेवर आदि चोरी कर लिए। वहीं सीताराम की शिकायत पर थाना तहसील कैंप पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल जांचा। इधर, सीताराम ने बताया कि चार जनवरी की रात को चोरों ने उसके घर से साठ हजार रूपये की नगदी, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी सोने की बाली व ई-रिक्शा के कागजात चोरी कर लिए। वहीं, सीताराम की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है, ताकि चोरों की शिनाख्त कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला जलाकर किया विरोध प्रदर्शन

- वामपंथी संगठनों ने वेनेजुएला पर अमेरिकी फौज के हमले के विरोध में प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** पानीपत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला जलाते हुए वामपंथी। *फोटो : हरिभूमि*

पानीपत। किसान मजदूर कर्मचारी संगठनों ने वेनेजुएला जनता के समर्थन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा स्वतंत्र देश वेनेजुएला हमला कर सैकड़ो नागरिकों की हत्या करने, वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का अपहरण कर अमेरिका ले जाने के विरोध में प्रदर्शन किया और ट्रंप का पुतला जलाया। वहीं, आंदोलन में सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, सचिव राजपाल, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान शीशपाल मलिक, राज्य के वरिष्ठ उप प्रधान बलवान सिंह, जिला उप प्रधान ईश्वर शर्मा, ईश्वर सिंह कुहाड, कश्मीर सिंह, जय भगवान, नवीन सपरा, अमरीश त्यागी, शिवकुमार अहलावत, दिलावर सिंह राठी, सीताराम शर्मा, प्रीतम रावल, जितेंद्र सैनी व प्रमोद शर्मा आदि ने अमेरिकी साम्राज्यवाद की दादागिरी की कड़े शब्दों में आलोचना गुंडागर्दी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा स्वतंत्र देश वेनेजुएला हमला कर सैकड़ो नागरिकों की हत्या करने के विरोध में किया प्रदर्शन।

### पुलिस ने तीन जुआरी किए गिरफ्तार

**पानीपत।** ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत ने थाना किला पुलिस की टीम ने दीपक पुत्र कृष्ण निवासी बेरीवाली मस्जिद महादेव कॉलोनी, समरजीत पुत्र उदयवीर निवासी दलबीर नगर हाल अशोक विहार कॉलोनी व विकास पुत्र उमेश निवासी जगदीश नगर को जुआ खेलते गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश पत्ते व दाव पर लगी 15 हजार 400 रूपए की नगदी बरामद हुई है। वहीं, आरोपियों पर केस दर्ज कर किया गया है।

### जिले के युवाओं को मिलें रोजगार के अवसर

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जिले के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी दिशा में रोजगार विभाग हरियाणा द्वारा जिला रोजगार कार्यालय पानीपत के माध्यम से निजी क्षेत्र में सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजर पदों की भर्ती के लिए विभिन्न ब्लॉकों में रोजगार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

# समालखा विस हलके में विकास की नहीं आने दी जाएगी कमी: विधायक

- 90 करोड़ की लागत से विकास कार्य करवाएं जाएंगे, विधायक ने दिया लोगों को भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**समालखा।** विधायक मनमोहन भडाना दीप जलाकर जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

समालखा के विधायक मनमोहन भडाना ने सोमवार को जनसंवाद कार्यक्रम में हलके की जनता को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा समालखा हलके की जनता मेरा अपना परिवार है। वहीं, विधायक भडाना ने समालखा हलके की गुणवत्ता वाले विकास की गति तेज करने का अपना संकल्प दोहराया हुए कहा कि पब्लिक हेल्थ में 90 करोड रुपए के विकास कार्य पास हो चुके है, वहीं, इस बजट से सीवर और पेयजल की समस्या को स्थाई हल हो जाएगा। इधर, भडाना ने नव वर्ष पर समालखा हलके के निवासियों के लिए भगवान से तरह का सुख व समृद्धि की प्रार्थना करते हुए कहा कि हर जनप्रतिनिधि को जनता की सेवा के भाव से कार्य करना चाहिए। इससे जहां विकास कार्य तेजी से होंगे, वहीं जनप्रतिनिधियों के प्रति जनता का विश्वास बढेगा। इधर, विधायक भडाना ने जनता की समस्याएं सुनी और उनके हल के लिए संबंधी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजना नेता रेखा गोयल, कुलदीप जांगड़ पार्षद संजय गोयल, रेनु धीमान, कप्तान छौक्कर, अनिल कालीरामना, विनोद वाल्मीकि, मनीष बेनीवाल, विपिन छाबड़ा, अजय शर्मा, सतपाल शर्मा, सुरेश झंडा, राजेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** पतंजलि के स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लेते योग शिक्षक।

### पतंजलि योगपीठ का 32वां स्थापना दिवस मनाया

**पानीपत।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा सोमवार को पतंजलि योगपीठ हरिद्वार का 32वां स्थापना दिवस बांके बिहारी मंदिर में मनाया गया। वहीं, पतंजलि प्रभारी अशोक अरोड़ा ने बताया कि आज ही के दिन सन 1995 में इसकी स्थापना हुई। योग की महत्वता को समझाते हुए उन्होंने बताया कि आज नई-नई बीमारियां पैदा हो रही हैं। योग ही एकमात्र ऐसा साधन है जो की बीमारियों को जड़ से खत्म करता है और दवाइयां से छुटकारा दिलाता है। मानसिक रोगों को ठीक करने में योग करना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर योग शिक्षक बलवान सिंह, जेपी गुलाटी, अंशुल बजाज, सुमन वधवा, रेखा सेतिया, ललिता, रोमा, राकेश बाली, सुनीता चुघ, संगीता बताया कि ने बताया कि नागरिकों को योग सिखाने को साठ कक्षाएं भीषण सर्दी में भी चल रही है। वहीं हर नागरिक को योग करते हुए स्वयं को स्वस्थ्य रखना चाहिए। इस अवसर पर सतीश, ऋषि, गिरीश, कुलभूषण बाली, अंशुल, अविनाश, संजीव, धर्मपाल, नीलम, रोमा, सोमा, किरण, बबली व प्रिया आदि उपस्थित रहे।

# पानीपत में गणतंत्र दिवस समारोह का होगा भव्य आयोजन : उपायुक्त

- शिवाजी स्टेडियम में 22 व 23 जनवरी को रिहर्सल आयोजित की जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




**पानीपत।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक करते हुए डीसी और एसपी अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने एवं इसके भव्य आयोजन के दृष्टिगत विभिन्न विभागों के अधिकारियों की आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये ताकि इस पर्व को गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जा सके। उन्होंने कहा कि शिवाजी स्टेडियम में 22 व 23 जनवरी को रिहर्सल आयोजित की जाएगी। 24 जनवरी को फुल ड्रेस फाईनल रिहर्सल होगी। उन्होंने मार्च पास्ट, पीटी शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर भी संबंधित अधिकारियों की विशेष तौर पर कमेटियां बनाकर उनको पूर्व से ही इस दिशा में तैयारियां करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन विभागों के अधिकारी और कर्मचारी सम्मानित किए जाने हैं संबंधित विभाग अध्यक्ष उनके नाम 10 जनवरी तक उपायुक्त कार्यालय में उनकी उपलब्धियां सहित भिजवाना सुनिश्चित करें।



**पानीपत।** पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परूथी अपनी टीम के साथ जरूरतमंद लोगों को कंबल भेंट करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### पीसीसी एकेडमी ने कंबल बांट कर रजत जयंती मनाई

**पानीपत।** पानीपत के मॉडल टाउन स्थित पीसीसी एकेडमी में सोमवार को संस्थान की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में एकेडमी के विद्यार्थियों ने मंच पर आकर अपने अनुभव सांझा किए। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने शिरकत की और एकेडमी के दो दशकों से अधिक के सफर को याद किया। एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने मानसम्मान व स्नेह के लिए पानीपत की जनता का आभार जताया। जबकि एकेडमी की निर्देशिका शिल्पा परुथी ने महिला वर्ग का आभार जताया। दूसरी ओर राजीव परुथी व शिल्पा परुथी ने कुष्ठ आश्रम में निवास कर रहे नागरिकों, निर्धन नागरिकों को सर्दी से बचाव के लिए सहायतार्थ कंबल वितरित किए। इस अवसर पर विद्यार्थी गरिमा मोंगा, रितु, गौरांशी, प्रियंका, महक, दीपांशु, यशस्वी, अरमान, रवीना, हरविंदर कौर आदि उपस्थित रहे।

### तस्कर को मादक पदार्थ के साथ दबोचा

**समालखा।** पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने समालखा बस अड्डे के पास नशा तस्कर गोविंद पुत्र बच्चन राय निवासी गांव रसलपुर जिला सीतामढ़ी, बिहार हाल निवासी गांव गांजबड़ जिला पानीपत को सात किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोक्टिस सेल के इंचार्ज सुभाष ने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में गाविंद से नशीला पदार्थ सात किलो गांजा बरामद किया है। वहीं, गोविंद पर थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लेकर उसके साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए है।

## उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बैठक में निर्देश अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# यमुना में गंदा पानी छोड़ने पर जिम्मेदार होंगे नोडल अफसर

- एसटीपी से यमुना की ओर बहने वाले पानी की औचक जांच होगी, यमुना को प्रदूषण मुक्त करने की कवायाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सोमवार को एसटीपी से संबंधित बैठक में निर्देश दिए कि संबंधित विभागों के एक्सईएन ही नोडल अधिकारी होंगे और जिन-जिन विभागों के एसटीपी लगे हुए हैं, अगर उनका पानी दूषित होकर यमुना में गया तो संबंधित नोडल अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे सकारात्मक सोच के साथ ऐसी रणनीति बनाएं कि इन संसाधनों का अच्छी तरह से उपयोग हो सके क्योंकि जल की सबसे बड़ी किल्लत उठानी पड़ रही है। आगामी वर्षो में पीने के पानी को लेकर और ज्यादा समस्याएं उत्पन्न होगी इसलिए इस पर बेहतर काम करके उसका बेहतर परिणाम दें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मिलकर बैठकर इसका हल निकाले कि जो पानी ट्रीट हो रहा है वह यमुना में कैसे जा रहा है और उसे किस तरह से रोका जा सकता है।

यहां सीटीइपी और एसटीपी लगे हैं फिर भी पानी ड्रेन नंबर एक व दो में गिर कर यमुना में जा रहा है। इस को लेकर भविष्य में और अधिक सजग रहें अन्यथा संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सभी अफसरों ने यमुना को स्वच्द रखने की शपथ ली।



**पानीपत।** यमुना को स्वच्छ रखने की शपथ लेते हुए संबंधी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

**खबर संक्षेप**




### चोरी करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज धोखाधडी से चोरी करने के मामले में पुलिसस ने आरोपी विशाल उर्फ विशु, मुकेश, अलदिता उर्फ अब्दुल व मुस्तफा उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी हिमाचल प्रदेश कर रहने वाले बताए जा रहे हैं। सीआईए-2 निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि इस मामले में आरोपी सोहन लाल ने 18 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 दिसंबर 2025 से 15 दिसंबर 2025 के दौरान आरोपियों ने ट्रक को रोड पर लावारिस हालत में छोड़ कर चल जाने व ट्रक में लोड सामान चोरी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### वर्कशॉप में खड़ी 16 बसों की बैटरियां व तारें चोरी

**अंबाला।** सिटी में रोडवेज की वर्कशाप में खड़ी 16 पुरानी बसों से बैटरियां व तारें चोरी हो गईं। अंबाला सिटी सेक्टर-9 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में हरियाणा राज्य परिवहन महाप्रबंधक के यार्ड मास्टर वेदप्रकाश ने बताया कि हरियाणा रोडवेज की जो वर्कशॉप है, उसमें जो पुरानी बसें खड़ी होती हैं, इन बसों में से बस संख्या 0611, 8467, 7124, 5167, 0610 व 7194 कुल 6 बसों की 12 बैटरियां व 10 गाड़ियों की तार चोरी हो गई हैं। अब पुलिस चोरी के इस मामले की जांच कर रही है।

### धमकी देने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी साहिल व सुनील कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को 3 दिन के रिमांड पर लिया है। थाना नारायणगढ प्रभारी निरीक्षक ललित कुमार ने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता नीरज ने 2 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी साहिल व सुनील ने उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव पुलिस ने चोरी करने के मामले में आरोपी नितिन कुमार को गिरफ्तार किया है। एसएचओ पडाव निरीक्षक धर्मबीर सिंहँ ने बताया कि उत्तर हरियाणा वितरण निगम के एसडीओ मोहित ने ने 31 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि अज्ञात आरोपी ने उत्ता हरियाणा बिजली वितरण निगम डिविजन-1 से केबल तार का बंडल चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। आरोपी को अदालत ने जेल भेज दिया है।

### जानलेवा हमला करने के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना पंजोखरा सहिब में दर्ज गोली चलाकर जानलेवा हमला करने के मामले में सीआईए-1 टीम ने आरोपी शिवम सोनी व राज कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी शिवम सोनी को पुलिस ने 2 दिन के रिमांड पर लिया है7 आरोपी शिवम सोनी से एक पिस्टल व एक रौंद बरामद किया गया है। इसी मामले में एक अन्य आरोपी आकाश सोनी को भी गिरफ्तार किया है। टुंडला गांव क रणधीर सिंह ने 2 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जनवरी 2026 को आरोपी शिवम, राजकुमार व अन्य ने गांव टुंडला में उस पर गोली चलाकर जानलेवा हमला करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज किया था।

## प्रति एकड़ किसानों को मिलेगा 1.55 करोड़ का मुआवजा

# आईएमटी के लिए 858 एकड़ जमीन होगी एक्वायर: डीसी

**डीसी बोले, आईएमटी के स्थापित होने से अंबाला के विकास को मिलेगी नई रफ्तार नए साल में नागरिकों को कई योजनाओं की मिलेगी सौगात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि आईएमटी के स्थापित होन से अंबाला शहर में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। विकास की दृष्टि से जिला और विकसित एवं मजबूत बनेगा। नग्गल गांव के आस-पास 858 एकड़ भूमि पर प्रथम चरण में आईएमटी बनाने का काम किया जाएगा। उपायुक्त सोमवार के अपने ऑफि में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों आईएमटी को लेकर किसान प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से चंडीगढ़ में मिला था। वहां पर आईएमटी को लेकर सकारात्मक बैठक हुई।

आईएमटी के निर्माण के लिए 1 करोड़ 55 लाख रुपये प्रति एकड़ भूमि किसानों से खरीदी जाएगी। तमाम औपचारिकताएं पूरी होने के बाद आईएमटी का कार्य शुरू होगा। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि अंबाला के साथ कई हाईवे जुड़े हुए हैं इससे इंडस्ट्रीज भी आगे आएगी। उन्होंने कहा कि कई विकास परियोजनाएं अंतिम चरण में है। इनकी सौगात जल्द ही लोगों को मिलेगी। इन परियोजनाओं में शहीद स्मारक, घरेलू हवाई अड्डा, महिला राजकीय कॉलेज, नागरिक अस्पताल अंबाला शहर का विस्तार, रिंग रोड के साथ-साथ अन्य अनेकों ऐसी परियोजनाएं है जोकि अन्तिम चरण में है। उपायुक्त ने कहा कि धुंध के मौसम को ध्यान में रखते हुए वाहन चालक वाहनों को सावधानी पूर्वक चलाएं, यातायात नियमों की पालना करें, बुर्जुगों व बच्चों का ध्यान रखे। उन्होंने पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर सभी संबंधित एजेंसियो को निर्देश है कि सडक़ पर सभी जगह मार्किंग सही होनी चाहिए। जहां पर भी सडक़ का कार्य चल रहा है वहां पर रिफलेक्टर लगे होने चाहिए।



**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते डीसी।

नगर निगम व नगर परिषद् को बेसहारा गौवंश के तहत उनके गले में रिफलेक्टर टेप लगाने के निर्देश भी दिए गए है। साथ ही साथ आरटीए विभाग को भी निजी वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाने बारे तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना बारे कहा गया हैं। धूलकोट में बीबीएमबी को लेकर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि इस विषय को लेकर डीएफओ को को जांच के आदेश दिए गए हैं। यदि कहीं पर भी वायलेशन होती है तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शहजादपुर को नगर पालिका का दर्जा मिलने पर डीसी ने कहा कि निसंदेह वहां पर विकास और तेजी से होगा। नगर पालिका की ड्राफ्ट नोटिफिकेशन हो चुकी है। उस पर आपत्तियां मांगी गई है। लोगों से अपील है कि वे नोटिफिकेशन को देख लें। समयबद्ध तरीके से यदि कोई आपत्ति देनी है तो वे दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम के तहत वार्ड बंदी का कार्य पूरा हो गया है। वार्डों का ड्रॉ भी निकाला जा चुका है। मतदाता सूचि की अपडेशन के लिए एसडीएम व एचसीएस की ड्यूटी लगाई गई हैं।

इस अवसर पर डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, एआईपीआरओ अजीत सिंह के साथ-साथ विभिन्न संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधि व उपस्थित रहे।

**मोबाइल डाटा की भी हो रही जांच**

## निजी ठेकेदार के पास सुपरवाइजर था आरोपी, पुलिस खंगाल रही खाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

**पाक को गोपनीय सूचनाएं लीक करने के आरोप में किया काबू**

पाकिस्तान को गोपनीय सूचनाएं देने के आरोप में पकड़ा गया सबगा गांव के सुनील सेना के लिए काम करने वाले निजी ठेकेदार के पास चार-पांच साल से सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। पुलिस ने आरोपी का आईकार्ड बरामद किया है। आरोपी के फोन को भी खंगाला जा रहा है, ताकि यह पता चल सके कि आखिर कहां-कहां की लोकेशन व जानकारी भेजी गई है। आखिर सुनील कब से किस-किस के संपर्क में था। लेनदेन का पता लगाने के लिए बैंक खातों को भी खंगाला जा रहा है।

चार दिन के रिमांड के दौरान आरोपी की सैन्य क्षेत्रों में भी निशानदेही करवाई जाएगी। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि सुनील से फेसबुक के जरिये संपर्क में आई महिला या फिर किसी अन्य व्यक्ति ने एक व्हाट्सएप के जरिये सूचनाएं लीं। हैरानी की बात यह है कि यह नंबर भी भारतीय नंबर की तरह था, जिसने युवक को झांसे में लिया। ऐसे में पता नहीं चल पाता कि यह सूचना देश से बाहर कहीं जा सकती हो। हालांकि पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। बताया जाता है कि सुनील को फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने वाली महिला ने खुद को दिल्ली की बताया था। आरोपी का सबगा गांव में अपना मकान है। पिता रेलवे से रिटायर्ड हैं। वह दो भाई हैं। गांव में हर कोई हैरान है कि ऐसा कैसे हो गया। आरोपी पर पहले किसी तरह का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। सुनील ने पसियाला गांव के सरकारी स्कूल से पढ़ाई की है।

## ड्रग फ्री हरियाणा के तहत स्वयंसेवकों ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

सोमवार को पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने दिन की शुरुआत डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज द्वारा 'ड्रग फ्री हरियाणा मिशन'के तत्वाधान में 'से नो टू ड्रग्स एंड मेक द यूथ हेल्दीयेर' स्लोगन के साथ हर्बल पार्क अंबाला शहर से वॉक से की। इसमें जिला एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक विजय कुमार भी मौजूद रहे। उसके पश्चात वॉलिंटियर्स ने शहर के सीनियर सिटीजन ओल्ड एज होम का दौरा किया तथा वहां पर बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत किया। इस अवसर पर ओल्ड एज होम में रंगारंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें बुजुर्गों ने और बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने बुजुर्गों को बिस्किट और फ्रूट्स बांटे। सभी बुजुर्ग इस मौके पर बहुत ही प्रसन्न रहे। उन्होंने बच्चों के साथ डांस किया ,गाने एवं भजन गाए व उन्हें बहुत आशीर्वाद दिए। यहां पर बच्चों ने बुजुर्गों से उनकी दिनचर्या के बारे में जाना और उनके साथ अच्छा समय व्यतीत किया। प्रोग्राम ऑफिसर पंकज सूरी मौजूद रहे और बच्चों को समझाया कि उन्हें अपने बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए।



**अंबाला।** शिविर के दौरान डांस करती स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

## सर्दी की वजह से रेल व बस यातयात बुरी तरह से प्रभावित, देरी से चल रहीं ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

**यात्री बेहद परेशान देरी से पहुंचने के कारण हो रहा नुकसान**

कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने ट्रेनों के साथ-साथ रोडवेज व निजी बसों की रफ्तार धीमी कर दी है। स्थिति यह है कि लंबे रूट की ट्रेनें और बसें निर्धारित समय से दो से तीन घंटे की देरी से रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर पहुंच रही हैं। रविवार की तरह सोमवार को भी अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन से निकलने वाली 16 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा।

अंबाला डिपो की करीब 15 मुख्य बसें कोहरे के कारण देरी से पहुंचीं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ट्रेन नंबर 12715 नांदेढ़-अमृतसर सचखंड एक्सप्रेस दो घंटे, 22477 नई दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस एक घंटा, 11058 अमृतसर-मुंबई 1.30 घंटे, 14521 दिल्ली-अंबाला कैंट एक्सप्रेस एक घंटा, 14679 दिल्ली-अमृतसर एक्सप्रेस एक घंटा, 14681 दिल्ली-जालंधर सिटी एक्सप्रेस एक घंटा, 14507 दिल्ली-फाजिल्का एक्सप्रेस 45 मिनट, 14816 ऋषिकेश-श्रीगंगानगर 20 मिनट, 12013 नई दिल्ली-अमृतसर शताब्दी 20 मिनट, 20807 विशाखापट्नम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस 45 मिनट, 12903 बांद्रा-अमृतसार गोल्डन टेंपल एक घंटा, 22424 अमृतसर-गोरखपुर एक्सप्रेस एक घंटा, 64512 अंब अंदौरा-हरिद्वार मैमू 40 मिनट, 14674 अमृतसर-जयनगर शहीद एक्सप्रेस 20 मिनट, 18309 संभलपुर-जम्मूतवी 30 मिनट, 14610 कटरा-ऋषिकेश हेमकुंड एक्सप्रेस 20 मिनट की देरी से गंतव्य स्टेशन पर पहुंची। चालक सफेद पट्टी और फॉग लाइट के सहारे बसें चला रहे हैं। इससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

एक तरफ बसें लेट हैं, तो दूसरी तरफ बस अड्डों पर बने पूछताछ केंद्रों की कार्य प्रणाली से भी यात्री नाखुश हैं। यात्रियों का आरोप है कि उन्हें बसों के आने-जाने का सही समय नहीं बताया जा रहा, इससे वे कड़कड़ाती ठंड में बैठने को मजबूर हैं।

दिल्ली-चंडीगढ़, दिल्ली-पटियाला, दिल्ली-जालंधर, चंडीगढ़-नारनौल, चंडीगढ़-हिसार और सिरसा जैसे लंबे मार्गों पर बसों का संचालन सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है।

निजी बसों की स्थिति भी ज्यादा ठीक नही हैं जो बसें दिन भर में चार फेरे लगाती थीं, वे अब मुश्किल से तीन फेरे ही पूरे कर पा रही हैं।

## गुरुद्वारा बाज साहिब के नए भवन का नींव पत्थर रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने सुबह गांव टुंडली में गुरुद्वारा बाज साहिब के नए भवन का नींव पत्थर रखते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी। विज ने भवन निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले अरदास में हिस्सा लिया और नींव पत्थर रखा। बोले सो निहाल जयकारों के बीच श्रद्धापूर्वक गुरुद्वारे के भवन का नींव पत्थर रखा गया। इससे पहले गांव टुंडली में पहुंचने पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरमीत सिंह व अन्य ने उनका स्वागत किया। मंत्री अनिल विज को सिरोपा पहनाकर उन्हें सम्मानित भी किया गया। गुरुद्वारा बाज साहिब प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरमीत सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा बाज साहिब का वर्तमान भवन कई दशक पुराना है व छोटा है। अब नया भवन पहले से बड़ा बनाया जा रहा है जिसकी शुरूआत की गई है। इस अवसर पर गांव टुंडली से बाबा बचित्तर सिंह, बलबीर सिंह, रघुबीर सिंह, लखविंद्र सिंह, अजैब सिंह, कुलबीर सिंह, नायब सिंह, धीर सिंह के अलावा जसबीर सिंह जस्सी, सुदर्शन सिंह सहगल, रणधीर सिंह, रामबाबू याद, डा. ऋषिपाल, गुरप्रीत सिंह, जसमेर सिंह, रोशन सिंह बरनाला, उधम सिंह, गुरविंद्र सिंह, तरविंद्र सिंह बंटी, गुरदीप सिंह जनेतपुर, बलदेव सिंह, शमशेर सिंह, लाल सिंह, पाल सिंह, बलकार सिंह, रतन सिंह टुंडली, चौड सिंह, कुलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।



**अंबाला।** गुरुद्वारा बाज साहिब के भवन की नींव रखते मंत्री अनिल विज।

### धोखाधड़ी करने के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी ओंकार सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को 1 दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले के संबंध में नसरौली के सतपाल सिंह ने 4 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 नवंबर 2024 से 6 मार्च 2025 के दौरान आरोपी ओंकार सिंह व अन्य ने उसे तथा उसके परिवार के सदस्यों को विदेश भेजने के मामले में उससे 15 लाख रूपये हड़पने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

**तृतीय सेमेस्टर में छात्राओं ने हासिल किए शीर्ष स्थान**

## फार्मेसी की छात्राओं का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बराड़ा।** लाला अमीचंद कॉलेज ऑफ फार्मेसी उगाला का बीफार्मेसी तृतीय सेमेस्टर का परिणाम शानदार रहा। परीक्षा में कॉलेज की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। परीक्षा में रितिका ने कुल 600 अंकों में से 461 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मोनिका ने 459 अंकों के साथ द्वितीय स्थान, चेतना वर्मा ने 452 अंकों के साथ तृतीय स्थान तथा गुरमनवीर कौर ने 450 अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान हासिल किया। कॉलेज प्रबंधन की ओर से कृष्ण लाल सैनी ने सभी सफल छात्राओं को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कमल सैनी एवं राहुल सैनी ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. साहिल कनेर ने सभी सफल छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी और कहा कि यह सफलता छात्राओं की कड़ी मेहनत, लगन एवं नियमित अध्ययन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यापकगण डॉ. कीर्ति, उदय, रवनीत, पंकज, अंकित, खुशाल, लवजीत, गोरिषा एवं प्रभजोत ने भी छात्राओं को बधाई दी।

**जानकारी** सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाने से बिजली बिल हुआ जीरो

**अम्बली गांव में जागरुकता कैंप का आयोजन**

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से ग्रामीणों को मिला दोहरी सब्सिडी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। शहजादपुर

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालक मंडल नारायणगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता कैंप गांव अम्बली में आयोजित किया गया। इस कैंप में 10 उपभोक्ताओं को सब्सिडी के चेक वितरित किए गए। उन्होंन अपने घरों की छतों पर रूफ टॉप सोलर सिस्टम लगवाकर केंद्र सरकार से 60 हजार तथा प्रदेश सरकार से 50 हजार की सब्सिडी प्रत्येक लाभार्थी ने प्राप्त की है। कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थी उपभोक्ताओं को अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल व भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली द्वारा चेक वितरित किए गए। चेक प्राप्त करने वालों में मनीष कुमार गांव कुल्लडपुर, राय सिंह गांव पुलेवाला, किरण पुलेवाला, पुष्पा रानी गांव पुलेवाला, राजकुमार गांव पुलेवाला, संतोष नारायणगढ़, सुरेंद्र पाल सिंह कोहड़ा भूरा, रमेश चंद गांव पुलेवाला, प्रकाश चंद गांव पुलेवाला, सरबजीत सिंह गांव पंजेटों लाभार्थी शामिल रहे जिन्हें योजना के अनुसार प्रदेश सरकार की ओर से 50,000-50,000/- की राशि के चेक वितरित किए गए हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार हर गरीब परिवार के उत्थान में लगी है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रमुख रूप से गरीब परिवारों के लिए कल्याणकारी है। सौर ऊर्जा को अपनाकर ग्रामीण न केवल अपना बिजली बिल जीरो कर सकते हैं बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में भी अपना योगदान दे सकते हैं क्योंकि सौर ऊर्जा से किसी भी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता। सौर पैनल की आयु भी लगभग 30 वर्ष की होती हैं। कार्यक्रम में अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल ने बताया प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा पहले एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाने पर प्रति किलोवाट 30 हजार रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिसकी अधिकतम सीमा 78 हजार रुपये है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा भी इस योजना को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए विशेष सब्सिडी दी जा रही है। राज्य सरकार द्वारा पहले एक लाख बीपीएल परिवारों, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है और वार्षिक बिजली खपत 2400 यूनिट तक है, उन्हें प्रति किलोवाट 25 हजार रुपये तथा अधिकतम 50 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

इसके अलावा जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार से 3 लाख रुपये तक है और वार्षिक खपत 2400 यूनिट तक है, उन्हें भी 20 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है।



**शहजादपुर।** लाभार्थियों को चेक वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में देश को आगे बढ़ाना उद्देश्य

घरों पर सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने से प्रति किलोवाट प्रतिदिन लगभग 5 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल सोलर सिस्टम लगवाने के बाद शून्य आ रहे हैं, जबकि कई उपभोक्ताओं का बिल मात्र 10 से 15 रुपये तक सीमित रह गया है। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में देश को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर घर को सस्ती और पर्यावरण अनुकूल बिजली उपलब्ध कराना है। इस योजना के माध्यम से न केवल बिजली खर्च में कमी आएगी, बल्कि आमजन को अतिरिक्त आय का भी अवसर मिलेगा। उपमंडल अधिकारी विकास बंसल द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को जिन बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिल सोलर सिस्टम लगवाने के बाद जीरो हुए हैं उनके बिल भी दिखाए गए। इस कैंप में विभाग द्वारा अधिकृत वेंडर भी उपस्थित रहे जिन्होंने ग्रामीणों को अपनी अपनी कंपनी द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। इस कैंप में जसविंदर सिंह बखतुआ, पूर्व मंडल उपप्रधान रणधीर सिंह भूरेवाला, सरपंच मुकेश कुमार तथा पूर्व सरपंच व पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।



### 11 किलो 210 ग्राम डोडा चूरापोस्त सहित पकड़ा

**अंबाला।** एएनसी की टीम ने मादक पदार्थ रखने के मामले में आरोपी अमनदीप सिंह उर्फ अमन को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिसस ने 11 किलोग्राम से ज्यादा चूरापोस्त जब्त किया है। अब उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। एएनसी के प्रभारी निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि उनकी टीम अपराध नियंत्रण हेतू गश्त पर तैनात थी। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना पडाव के सैनिक विश्राम गृह के पास आरोपी मादक पदार्थ सहित खड़ा है। टीम ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू कर लिया। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर आरोपी से 11 किलो 210 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपी की पहचान अमनदीप सिंह उर्फ अमन वासी गांव शरीफगढ जिला कुरूक्षेत्र के तौर पर हुई जोकि अभी अंबाला छावनी के आर्य नगर में रह रहा है।